Geared for life

**BHARAT GEARS LIMITED**
Regd. Office & Works :
20 K.M. Mathura Road, P.O. Box 328
P.O. Amar Nagar, Faridabad - 121003 (Haryana) INDIA
Tel. : +91 (129) 4288888, Fax : +91 (129) 4288822-23
E-mail : info@bglindia.com
Corporate Identity Number : L29130HR1971PLC034365

**BGL/SEC/NSE/3/MAY 2019-2020**

**BGL/SEC/BSE/2/ MAY 2019-2020**

**May 09, 2019**

**The Manager (Listing)**
**National Stock Exchange of India Ltd**
"Exchange Plaza", 5th Floor,
Plot No. C-1, G - Block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400051

**SYMBOL: BHARATGEAR**

**The Manager (Listing)**
**BSE Limited**
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
PJ Towers, Dalal Street
Fort, Mumbai – 400001

**STOCKCODE: 505688**

**Sub: Published Notice for Loss of Share Certificate(s)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("the Regulations"), please find enclosed herewith copy of the notice for loss of Share Certificate(s) published by the Company in the newspaper i.e. "Hari Bhoomi" (Hindi) on 09th May, 2019.

You are requested to take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bharat Gears Limited**

**Kaushal Narula**
**Manager (Secretarial)**

**Encl: As above**

IATF-16949
ISO-9001
BS OHSAS-18001
ISO-14001
BUREAU VERITAS Certification

Mumbai Office : 14th Floor Hoechst House, Nariman Point, Mumbai - 400 021 INDIA
Tel.: +91(22) 2283 2370, Fax :+91-(22) 2282 1465, Email: info@bharatgears.com
Mumbra Works : Kausa Shil, Mumbra, Distt. Thane-400 612, (Maharashtra) INDIA
Tel. : +91(22) 2535 2034, 2535 7500, Fax: +91(22) 2535 1651
www.bharatgears.com

Geared for life

**BHARAT GEARS LIMITED**

Regd. Office & Works :
20 K.M. Mathura Road, P.O. Box 328
P.O. Amar Nagar, Faridabad - 121003 (Haryana) INDIA
Tel. : +91 (129) 4288888, Fax : +91 (129) 4288822-23
E-mail : info@bglindia.com
Corporate Identity Number : L29130HR1971PLC034365

**BGL/SEC/NSE/3/MAY 2019-2020**

**BGL/SEC/BSE/2/ MAY 2019-2020**

**May 09, 2019**

**The Manager (Listing)**
**National Stock Exchange of India Ltd**
"Exchange Plaza", 5th Floor,
Plot No. C-1, G - Block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400051

**SYMBOL: BHARATGEAR**

**The Manager (Listing)**
**BSE Limited**
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
PJ Towers, Dalal Street
Fort, Mumbai – 400001

**STOCKCODE: 505688**

**Sub: Published Notice for Loss of Share Certificate(s)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("the Regulations"), please find enclosed herewith copy of the notice for loss of Share Certificate(s) published by the Company in the newspaper i.e. "Hari Bhoomi" (Hindi) on 09th May, 2019.

You are requested to take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bharat Gears Limited**

**Kaushal Narula**
**Manager (Secretarial)**

**Encl: As above**

# राजनाथ ने सेना के पराक्रम का सबूत मांगने पर विपक्ष को घेरा

# 'राजद्रोह खत्म करने पर तुली कांग्रेस हम करेंगे कानून को और सख्त'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह सेना के पराक्रम का सबूत मांगने पर विपक्ष को घेरा। वहीं कहा कि कांग्रेस राजद्रोह को खत्म करने पर तुली है। लेकिन, हम राजद्रोह कानून को और ज्यादा सख्त करेंगे। उन्होंने हरियाणावासियों को देश के लिए जीने व मरने वाला बताया। राजनाथ सिंह यहां भौंडसी में भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत के समर्थन में आयोजित जनसभा में संबोधित कर रहे थे। बालकोट एयर स्ट्राइक की घटना के बाद से पूरे विश्व में सेना की पराक्रम की चर्चा हुई पर कांग्रेस इस पर सवालिया निशान लगाते हुए सेना से सबूत मांग रही है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद 1971 में बांग्लादेश के अलग होने की घटना का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उस समय इंदिरा गांधी की सरकार थी और अटल बिहारी विपक्ष के नेता थे। तब अटल बिहारी ने उस समय संसद में इंदिरा गांधी को दुर्गा का अवतार कहा था, इस साहसिक कदम पर उनकी तारीफ की थी। पाकिस्तान से युद्ध जीतने का पूरा श्रेय इंदिरा गांधी को दिया था। आज विपक्ष इसके ठीक उल्ट बालकोट एयर स्ट्राइक घटना का भाजपा की ओर से जिक्र करने पर भी सवाल उठा रहा है। सेना ने अपने पराक्रम का परिचय दिया।





### राव की छवि बताई बेदाग

भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की तारीफ करते हुए राजनाथ ने कहा कि इनकी छवि बेदाग रही है, क्षेत्र व जनता की सेवा पिछले 40 साल से सेवा करते आ रहे हैं। केन्द्र में मजबूत सरकार बनाने, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई व देश का मान विश्व में बढ़ाने के लिए एक बार फिर से मोदी को पीएम बनना जरूरी है। पिछले पांच सालों के अंदर देशविरोधी ताकतों पर जिस तरह नकेल कसी गई है वैसा आज तक नहीं हुआ। सत्ता में आने पर हम राष्ट्रद्रोह का कानून और सख्त करेंगे। हरियाणा के लोगों को सच्चा राष्ट्रभक्त बतलाते हुए कहा कि यहां के लोग देश के लिए जीते, मरते हैं।

## चुनाव सरकार बनाने का नहीं देश के हित का है: मनोहर लाल

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 2019 का चुनाव केवल देश में सरकार बनाने का चुनाव नहीं है बल्कि देश हित का है। यह चुनाव राष्ट्रवाद पर लड़ा जा रहा है। देश की रक्षा और अंखड़ता भाजपा के लिए सर्वोपरि है। भाजपा के लिए देश भारत माता है, न कि जमीन का टुकड़ा। भाजपा ने अपने पौने पांच साल के शासन में देश और प्रदेश का बिना भेदभाव समान विकास किया है। गुरुग्राम आपके सामने है। राव इंद्रजीत सिंह ने अपने प्रयासों से शहर को सपनों का शहर बनाने का संकल्प पूरा किया है। सीएम देर शाम गुरुग्राम के न्यू कॉलोनी मोड़ पर पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के पक्ष मे जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि पुलवामा हमले के बाद सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर कांग्रेस सवाल उठा रही है कि चुनाव से पहले भाजपा ने ऐसा क्यों किया? कांग्रेस को यसह पता होना चाहिए कि कुछ घटनाएं अनायस ही हो जाती है। 1991 में राजीव गांधी की हत्या चुनाव के दौरान हुई थी। आज कांग्रेस सेना और फौज की कार्यशैली पर प्रश्नचिनह लगा रही है। सेना से उसके पराक्रम का सबूत मांग रही है। उन्होंने कहा कि देश में पांच चरण का चुनाव खत्म हो गया है। अब दो चरण में केवल 60 सीटों पर चुनाव बकाया है। देश में ऐसी धारणा है कि मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन रहे हैं।



- सबका साथ-सबका विकास नीति पर खरी उतरी भाजपा सरकार
- युवाओं को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी दी

## खबर संक्षेप

### प्रिंस हत्या मामले में आरोपी की याचिका पर टला फैसला

**गुरुग्राम।** स्कूली छात्र प्रिंस की गला रेतकर हत्या कर देने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसके शर्मा की अदालत को आरोपी भोलू की याचिका पर बुधवार को फैसला देना था। किन्हीं कारणों कसे अदालत याचिका पर फैसला नहीं सुना सकी। अदालत आज वीरवार को याचिका पर फैसला सुनाएगी।

### सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** थाना सदर एरिया के दयालपुर गांव में स्कूटी की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। दर्ज मामले के अनुसार मंझावली गांव निवासी सुमित कुमार ने दी शिकायत में बताया कि 2 मई को वह अपने साथी राजेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर दयालपुर गांव में गए थे।

### नीमका जेल में बंदी की संदिग्ध हालात में मौत

**फरीदाबाद।** नीमका गांव स्थित जिला जेल में बुधवार सुबह एक बंदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जेल प्रशासन ने इस मामले में पुलिस और परिजनों को सूचना दी। जेल सुपरिटेंडेंट दीपक शर्मा के अनुसार यादव कॉलोनी निवासी पवन कुमार को चेक बाउंस के मामले में कोर्ट ने 27 अप्रैल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। तब से वह जेल में बंद था।

### दूसरे किसानों के खेतों में लगी आग, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** तिगांव थाना एरिया के मंझावली गांव में एक किसान ने अपने खेतों में खड़ी फसलों के अवशेष में आग लगा दी। आग से पड़ौसी किसान के खेतों में भी आग लग गई। जिससे पड़ौसी किसान का नुकसान हो गया। पुलिस ने आरोपित किसान पर मामला दर्ज कर लिया है। रायपुर कलां गांव निवासी सुनील चंद्र ने दी शिकायत में बताया कि 6 मई को पड़ौसी किसान सुखवीर ने अपने खेतों में खड़े फसलों की अवशेष में आग लगा दी।

## डीआईजी ने रिश्वतखोर चौकी प्रभारी को किया लाइन हाजिर, कांस्टेबल सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक /डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने रिश्वतखोरी के मामले में निवाड़ी चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर, जबकि पीआरवी पर तैनात एक सिपाही को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मेरठ के गांव कलंजरी का मूल निवासी प्रवीण शर्मा यहां गांव मऊ में किसी के मकान पर रहकर ई-रिक्शा चलाकर परिवार को पालन पोषण करता है। एक मई की सुबह जब वह ई-रिक्शा लेकर बैंक में एक लाख रुपये जमा करने जा रहा था तो उसने कुछ लोगों पर आरोप लगाया कि बाइक सवार बदमाशों ने उससे एक लाख रुपये लूट लिये। पुलिस जांच में मामला आपसी झगड़े का निकला और रुपयों के लेनदेन के विवाद के चलते यह घटना घटी। मामले की जांच कर रहे निवाड़ी पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने पीड़ित पक्ष को डरा धमकाकर आरोपी पक्ष से 25हजार रुपये रिश्वत ले ली। रिश्वतखोरी का यह मामला सोशल मीडिया पर छा गया। मामला एसएसपी उपेंद्र अग्रवाल के संज्ञान में आया तो उन्होंने मामले की जांच एसपी देहात नीरज जादौन को सौंपी। जांच में सत्यता पाये जाने पर दरोगा देवेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं पीवीआर पर तैनात सिपाही संदीप की गतिविधियां संदिग्ध पाये जाने पर सस्पेंड की कार्रवाई की गयी है।

# हरियाणा की सभी 10 सीटों पर भाजपा लहराएगी विजयी परचम: कलराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री हरियाणा के लोकसभा चुनाव प्रभारी कलराज मिश्र ने कहा है कि हरियाणा की दसों की दसों लोकसभा सीटों पर भाजपा विजयी परचम लहराएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरी बार भारत की प्रधानमंत्री की गद्दी पर विराजमान होकर भारत को आर्थिक रुप से मजबूत व समृद्धी की ओर अग्रसर करेंगे। मोदी-मनोहर सरकार ने पांच सालों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, सरकार के कार्यों से जनता संतुष्ट है, जिसकी विश्वसनीयता 12 मई को जनता अपने वोट के रुप में प्रस्तुत करेगी।

कलराज मिश्र बुधवार को बल्लभगढ़ के महाराणा प्रताप भवन में सहकारिता के चेयरमैन, डायरेक्टर के सम्मेलन संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक मूलचंद शर्मा व मार्केट कमेटी के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कलराज मिश्रा ने कहा कि भाजपा पार्टी के प्रति ग्रामीणों में कोई विरोध नहीं है कहीं कहीं गांव की गुटबाजी के चलते विरोध की बातें सामने आती है, जो अक्सर चुनावी माहौल में देखने को मिलती रहती है।

कृष्णपाल गुर्जर ग्रामीणों में लोकप्रिय हैं व भारी मतों से जीतेंगे। अपने संबोधन में भी कहा कि सहकारिता में कई प्रदेशों में घोटाले भी हुए हैं, जिस पर काम करने की जरुरत है ताकि लोगों में इसकी विश्वसनीयता बढ़ सके। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत पायदान पर लाकर खड़ा किया है और उनकी इस कार्यप्रणाली का हम लोगों में प्रसार प्रचार कर रहे है ताकि लोगों को पता चल सके कि हमारे प्रधानमंत्री ने देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया है।

इस मौके पर भाजपा के विधायक मूलचंद शर्मा ने भी लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## अधेड़ ने पत्नी की चुन्नी से फंदा लगाकर दी जान

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में एक अधेड़ ने अपनी पत्नी की चुन्नी से छत के पंखे पर फंदा लगाकर ख़ुदकुशी कर ली। पुलिस सेशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पर भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रामआसरे पुत्र मैकू लाल अपनी पत्नी व दो बेटियों के साथ पिछले 20साल से माता ज्ञानवती स्कूल रामपार्क में रहता था और ब्याज पर पैसे देने का काम करता था। मंगलवार /बुधवार की रात को वह प्रथम तल पर बने कमरे में सो रहा था और पत्नी द्वितीय मंजिल पर बेटियों के साथ सो रही थी। सुबह करीब 6 बजे बेटी पिता के लिये चाय लेकर आई तो दरवाजा अंदर से बन्द था।

**BHARAT GEARS LIMITED**
Regd. Office & Works: 20 K.M., Mathura Road, P.O. Amar Nagar, Faridabad-121003, (Haryana)
Tel.: +91 (129) 4288888
Fax: +91 (129) 4288822-23
Website: www.bharatgears.com, E-mail: info@bglindia.com,
CIN: L29130HR1971PLC034365

**NOTICE**

Notice is hereby given that:
1) Share Certificates no(s). 2437-2438, 6875, 14565 bearing distinctive no(s). 638301-638400, 858701-858750, 1243201-1243250 standing in the name of Rajan Padmakar Kale Jt: Kumud Shrimantrao Narvekar ;
2) Share Certificates no(s). 1043 bearing distinctive no(s). 89901-89950 standing in the name of Vinayak Kalyanji Shah Jt: Varjivandas Kalyanji Shah ;
3) Share Certificates no(s). 23849 bearing distinctive no(s).1321701-1321750 standing in the name of Jamnadas Khimji Shah Jt: Prakash Jamnadas Shah

have been reported lost/misplaced. The Company shall proceed to issue duplicate share certificate(s), if no objection is received within 15 days from the date of publication of this notice.

For BHARAT GEARS LIMITED
Sd/-
Prashant Khattry
Head (Legal) & Company Secretary
Place: Faridabad
Dated: 08.05.2019

**गुमशुदा/अपहृत लड़का की तलाश**



दिकू

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **दिकू, पुत्रः भूषण रावत, पताः एच न0–ए–90, चंदन विहार, निहाल विहार, दिल्ली, जोकि दिनांक 14.04.2019 से पुलिस थाना क्षेत्र, निहाल विहार, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 52-A, dated 17.04.2019** पुलिस थाना, निहाल विहार, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा/अपहृत लड़के की तलाश करने की कोशिश की गई मगर कुछ पता नहीं चला। नीचे गुमशुदा/अपहृत लड़के की पहचान दी गई है:

**नामः दिकू, उम्रः 19 वर्ष, कदः 5'4'' चेहराः लंबा, रंगः सांवला, पहनावाः लाल टी–शर्ट, काली जीन्स और पैरो में हवाई चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, निहाल विहार, दिल्ली को संपर्क करें।


ई–मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाइटः http://cbi.nic.in,
फैक्सः 011–24368639
फोनः 011–24368638/24368641

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, निहाल विहार, दिल्ली
फोनः 011-25946700, 25946710

DP/2184/OD/19

# वीडियो प्रकरण: दस्तावेजों के साथ अदालत में पेश होगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



पॉक्सो एक्ट के मामले में पीड़िता के परिजनों द्वारा पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका पर न्यायाधीश महावीर सिंह सिंधू की अदालत में सुनवाई हुई। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता केके मनन ने अदालत से आग्रह किया कि गुड़गांव पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है, अपितु निचली अदालत में अनट्रेसेबल रिपोर्ट भी पेश कर दी है। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत में प्रोटेस्ट पिटिशन दायर करने की छूट पीड़ित पक्ष को दी थी, जो दायर कर दी गई है। गुड़गांव अदालत में इस मामले में आगामी 13 मई की तारीख निर्धारित है। पुलिस को सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए थे, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न्यायाधीश ने पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता के दलीलों को सुनने के बाद गुड़गांव पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी करने के आदेश देते हुए कहा कि आगामी 30 मई को मामले से संबंधित अधिकारी सभी दस्तावेजों के साथ न्यायालय में उपस्थित हों, ताकि याचिका का निपटारा किया जा सके। गौरतलब है कि वर्ष 2013 की 2 जुलाई को पालम विहार क्षेत्र के सतीश कुमार (काल्पनिक नाम) के घर संत आशाराम बापू आए थे। बापू ने परिवार के सदस्यों सहित उनकी 10 वर्षीय भतीजी को आशीर्वाद भी दिया था। उस समय सतीश के घर के कार्यक्रम की वीडियो आदि भी बनाई गई थी। बापू आशाराम प्रकरण के बाद तीन टीवी चैनलों ने बनाई गई वीडियो को प्रसारित किया था। परिजनों ने आरोप लगाए थे कि उनकी व आशाराम बापू की छवि धूमिल करने के लिए वीड़ियो को तोड़-मरोड़कर अश्लील व अभद्र तरीके से प्रसारित किया गया था, जिससे परिवार व मासूम बालिका को मानसिक व सामाजिक रुप से कष्ट झेलना पड़ा था। आहत होकर परिजनों ने पालम विहार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस थाना ने जीरो एफआईआर दर्ज कर नोएडा पुलिस को भेजकर अपना पल्ला झाड़ लिया था।

# चुनाव पर्यविक्षक संजय कुमार ने स्टांग रूम का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के चुनाव पर्यवेक्षक संजय कुमार ने कहा है कि 12 मई मतदान की तिथि नजदीक है ऐसे में चुनाव संबंधी सभी तैयारियां समय से पहले मुक्क्मल कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर किसी तरह की शंका नहीं होनी चाहिए। वे बुधवार को फरीदाबाद में लोकसभा क्षेत्र पृथला, एनआईटी, बल्लभगढ, बड़खल व फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में स्ट्रांग रूम व ईवीएम की तैयारियों का निरीक्षण कर रहे थे। चुनाव पर्यवेक्षक ने संबंधित एआरओ को इस संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए कटिबद्ध है। ऐसे में सभी कर्मचारी व अधिकारी टीम भावना के साथ चुनाव प्रक्रिया में अपनी-अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। इस मौके पर उनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

10.09.2015 को प्रकाशित विज्ञा. सं. 2(vii)/2015 और शुद्धिपत्र दिनांक 09.04.2018 के सम्बन्ध में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हरियाणा में जिला / सूचना जन सम्पर्क अधिकारी (ग्रुप-बी) के 10 पदों हेतु आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद् द्वारा घोषणा की जाती है कि आयोग ने उपरोक्त पद हेतु भर्ती परीक्षा और उसके पश्चात् मौखिक परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। तदानुसार भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम निम्न अनुसार होगा :-

**भर्ती / शॉर्ट लिस्टिंग परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम :-**

केवल एक पेपर होगा जिसमें ऑब्जेक्टिव टाइप / बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) शामिल होंगे और इसमें जर्नलिज्म, मास मीडिया, पब्लिक रिलेशंस : इश्यूज एंड कंसेप्ट्स, सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय वर्तमान मामले, अंतर्राष्ट्रीय वर्तमान मामले और हरियाणा वर्तमान मामले से प्रश्न शामिल हैं।

**भर्ती / स्क्रीनिंग परीक्षा हेतु स्कीम :-**

ऊपर वर्णित पाठ्यक्रम से 2 घंटे की कुल अवधि सहित 100 एमसीक्यू (बहु-विकल्पीय प्रश्न) निहित कुल अंक 100 (प्रत्येक प्रश्न हेतु एक अंक) का केवल एक पेपर होगा।

प्रश्न-पत्र अंग्रेजी भाषा में होगा और कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

हस्ता/-सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग,
पंचकूला

दिनांक : 06.05.2019
पीआरडीएच-1156/13/50/1920/76293 दि. 08.05.19

# 60 वर्षीय व्यक्ति की रहस्यमय परिस्थिति में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ शहर की सूबेदार कॉलोनी निवासी 60 साल के एक व्यक्ति की बुधवार सुबह सवार्ेदय अस्पताल में रहस्यमय स्थिति में मौत हो गई। मृतक के बेटे का आरोप है कि आदर्श नगर थाने में उनके पिता को जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। जिस कारण उसके पिता की हालत खराब हुई, जिस कारण उनके पिता की मौत हुई है। पीड़ित परिवार ने शव को फिलहाल लेने से इंकार कर दिया और शव बीण्के अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ है। सूबेदार कॉलोनी के विनोद वर्मा उम्र 56 साल की बुधवार सुबह करीब 2 बजे सवार्ेदय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत की खबर सुनते ही आदर्श नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित तमाम पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सवार्ेदय अस्पताल पहुंच गए। इधर, सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल में इकट्ठे हो गए। परिजनों का आरोप है कि मृतक के शव को पुलिस पिछले दरवाजे से बी.के. अस्पताल ले गए। जहां देर शाम पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए शव को नहीं लिया और बुधवार को शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। मृतक विनोद वर्मा के बेटे सौरभ वर्मा का कहना है कि उसने 6 मई को पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत दी कि उसके पिता को 6 मई की सुबह साढे 6 बजे आदर्श नगर थाना के पुलिस अधिकारी अपने साथ ले गए। जिन्होंने उसे व उसके परिवार वालों को कोई कारण नहीं बताया। उन्होंने इतना कहा कि राजेंद्र थानेदार ने बुलाया है। इसके बाद वह अपनी मां के साथ थाने में पहुंच गया। जहां पर कुंवर पाल व राजेश भी पहले से ही मौजूद थे। जिनसे उसके पिता का लेन.देन था। सौरभ ने बताया कि वहां मौजूद राजेंद्र व अन्य पुलिस कर्मियों ने उन्हें धमका कर कमरे से बाहर कर

## फर्जी वोट प्रकरण में पूर्व राज्यमंत्री की बढ़ी परेशानियां


# कटारिया पर दर्ज करें मामला: अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री सुखबीर कटारिया की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। फर्जी वोट प्रकरण में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हरजोत कौर ने बुधवार को ओमप्रकाश बनाम लखीराम आदि तथा ओमप्रकाश बनाम संत कुमार आदि मामलों में सुनवाई करते हुए सेक्टर 5 थाना पुलिस प्रभारी को आदेश दिए हैं कि इन दोनों मामलों में पूर्व मंत्री सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ भादंस की धारा 420, 467, 471 व 120 के तहत मामला दर्ज कर जांच करें। पूर्व मंत्री व अन्यों के खिलाफ विभिन्न अदालतें 9 एफआईआर दर्ज करने के पहले ही आदेश दे चुकी हैं। कुल 11 एफआईआर अदालतों के आदेश पर दर्ज की गई हैं।

फर्जी वोटों से संबंधित 23 शिकायतों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मामलों में अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने सेक्टर 5 पुलिस थाना प्रभारी से इन मामलों की एटीआर रिपोर्ट मांगी। थाना प्रभारी ने अदालत को अवगत कराया कि उक्त मामलों में आरोपियों के पते गलत हैं।

जिन लोगों के वोट बनाए गए थे और उनके साथ जो दस्तावेज लगाए गए थे, वे भी अधिकांश गलत हैं। अदालत ने लखीराम, सीता, राधेश्याम, विच्ची, गिंदू, कमला, मुन्नी, महेंद्र, पूर्व खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र सिंह कादयान तथा दूसरे मामले में संत कुमार, जगवंती, मधु, कोमल, देवेंद्र सिंह कादयान, तत्कालीन बीएलओ, एईआरओ तथा पूर्व मंत्री को दोनों मामलों में आरोपी मानते हुए एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।



- सुखबीर ने वर्ष 2009 में गुड़गांव विस क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, विजयी भी हुए थे व प्रदेश सरकार में बने थे राज्यमंत्री

### फर्जी दस्तावेजों पर वोट बनवाने का है आरोप

गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता मंच के अध्यक्ष ओमप्रकाश कटारिया ने पूर्व राज्यमंत्री पर आरोपी लगाए थे कि उन्होंने वर्ष 2009 में गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और विजयी भी हुए थे। प्रदेश सरकार में वह राज्यमंत्री भी बने थे। ओमप्रकाश कटारिया का आरोप है कि पूर्व राज्यमंत्री ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों पर फर्जी वोट बनवाई थी। इन्हीं के आधार पर वह चुनाव जीते थे।

**KURUKSHETRA UNIVERSITY KURUKSHETRA**
(Established by the State Legislature Act XII of 1956)
('A+' Grade, NAAC Accredited)

**ADMISSION NOTICE: 2019-20**

The Centralized Online Admissions will be made in M.Com.; M.A. (Economics)/M.A. (Business Economics); MBA 2- Yr. (Budgeted/ SFS)/ MBA (General)/MBA (Hons.)/MBA (Business Economics)/ MBA (Tourism & Travel Management); M.A. (Journalism & Mass Communication)/M.Sc. (Mass Communication)/ M.A. (Mass Communication); LL.M. (except LL.M. of BPSMV, Khanpur Kalan); M.A. (Political Science); M.A. (Public Administration); M.A. (English); M.A. (Hindi); M.A. (History); M.A. (Geography)/M.Sc. (Geography); M.P.Ed./M.P.E.S; M.A. (Psychology)/ M.Sc. (Psychology)/M.A. (Applied Psychology); M.A. (Sociology) and M.A. (Social Work)/ Master of Social Work (MSW) courses in respect of all the seven State Universities i.e. (KU, Kurukshetra, MDU, Rohtak, CDLU, Sirsa, BPSMV, Khanpur Kalan, IGU, Meerpur, CRSU, Jind; and CBLU, Bhiwani) for the session 2019-20. The Online Application Forms for Centralized Online Admissions will be invited by Kurukshetra University, Kurukshetra and filling of online Application Forms will commence in the 3rd week of May, 2019 and admissions will be made on the basis of merit of Common Entrance Examination(CEE) to be held at K.U.Kurukshetra. Eligibility, Admission Schedule, Date of Common Entrance Examination and Counseling schedule etc. and other information will be uploaded on the University website: www.kuk.ac.in from time to time.

PRDH-1238/11/401/1920/76288 dt. 08.05.19

REGISTRAR